हाजीपुर में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़: भारी मात्रा में रैपर-बोतलें और मशीनें जब्त, पांच गिरफ्तार

संवाद सूत्र, सराय (वैशाली)। सराय थाना क्षेत्र के शितल भकुरहर गांव में एक पीडीएफ दुकानदार के घर पुलिस ने छापेमारी कर नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। एवं भारी मात्रा में नकली शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को पुलिस को गुप्त सुचना मिली की थाना क्षेत्र के शितल भकुरहर गांव निवासी अभिषेक कुमार पीडीएफ दुकानदार पिता स्वर्गीय सुनिल राय अपने घर में नकली अंग्रेजी शराब का फैक्ट्री चला रहा है और भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब निर्माण कर पैकिंग कर रहा है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/vaishali-hajipur-fake-liquor-factory-busted-5-arrested-in-vaishali-40155673.html